भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2889

दिनांक 20 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

एफ.टी.ए.

2889. कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफ.टी.ए.) पहल शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता शुरू किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त एफ.टी.ए. को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): भारत ने व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ 13 मुक्त व्यापार करारों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनकी एक सूची संलग्न है। इसके अलावा, भारत वर्तमान में कई व्यापारिक भागीदारों, अर्थात् यूनाइटेड किंगडम यूरोपीय संघ; पेरू; आइसलैंड, नॉर्वे, लिचेन्सटीन और स्विट्जरलैंड (ईएफटीए देश); श्रीलंका और ओमान के साथ एफटीए वार्ताओं में लगा हुआ है;

(ग) से (ङ): भारत और यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक वार्ताओं के 13 दौर आयोजित किए जा चुके हैं। दोनों देश एक ऐसे व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं जो निष्पक्ष, न्यायसंगत और पारस्परिक रूप से लाभकारी है, और दोनों पक्षों की महत्वाकांक्षाओं और संवेदनाओं को ध्यान में रखता है।

*****

दिनांक 20.12.2023 को उत्तर के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं.2889 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

अनुबंध

भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की सूची

क्र.सं.	समझौते का नाम
1	भारत-श्रीलंका एफटीए
2	साफ्टा पर समझौता (भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान)
3	भारत नेपाल व्यापार संधि
4	व्यापार वाणिज्य और पारगमन पर भारत-भूटान समझौता
5	भारत - थाईलैंड एफटीए - अर्ली हार्वेस्ट स्कीम (ईएचएस)
6	भारत - सिंगापुर सीईसीए
7	भारत - आसियान- सीईसीए - वस्तुओं, सेवाओं और निवेश में व्यापार समझौता (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम)
8	भारत - दक्षिण कोरिया सीईपीए
9	भारत - जापान सीईपीए
10	भारत - मलेशिया सीईसीए
11	भारत - मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता (सीईसीपीए)
12	भारत-यूएई सीईपीए
13	भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (इंड-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए)

***